जय बाबा की बोल | by Ashok Sharma

बोल खाटू नरेश की जय
बोल हारे के सहारा की जय
बोल मोरवी नंदन की जय

जय बाबा की बोल, जय बाबा की बोल
जय बाबा की बोल तेरा लागे नहीं मोल
जय बाबा की बोल.........

आगे वालो बोलो जय जय, पीछे वालो बोलो जय जय
दाएं वालो बोलो जय जय, बांये वालो बोलो जय जय
नर नारी सब बोलो जय जय, बच्चा बच्चा बोल
जय बाबा की बोल.........

होगा राज़ी मोरवी नन्दन जयकारे के बोल से
करके देखो थोड़ा चिंतन मन की आँखें खोल के
करदे जीवन श्याम हवाले सारी चिंता छोड़
जय बाबा की बोल.........

जयकारे की महिमा न्यारी ये देखो अनमोल है
बाट तराज़ू तोल सके ना और ना कोई तोल है
चाहे मर्ज़ी जितना पा लो थोड़ा मुख तो खोल
जय बाबा की बोल.........

कोई बोले श्याम बिहारी गोपाला नन्दलाल तुम्हे
कोई बोले हे गिरधारी बंसीधर घनश्याम तुम्हे
आशु मन का भाव परख ले खाटू का सिरमोड़
जय बाबा की बोल.........

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%9c%e0%a4%af-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%ac%e0%a4%be-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%ac%e0%a5%8b%e0%a4%b2-by-ashok-sharma/